माघ शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 84, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गामा किरण की गुत्थी सुलझाएगा आदित्य एल-1 14

मां ने मुझे थिएटर जाने को किया प्रोत्साहित 13

चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खुद 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए यह ऐलान करते हुए तीनों के योगदान की सराहना की। इस साल अब तक पांच लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

इससे पहले वर्ष 1999 में एक बार में चार लोगों को भारत रत्न दिया गया था। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न की घोषणा की गई थी। पश्चिमी यूपी के जाट नेता और 1979-80 में प्रधानमंत्री रहे चौ. चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति के धुरी के रूप में उभरे थे, जब देशभर में उसका वर्चस्व था। वहीं कांग्रेस नेता राव 1991-96 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जबकि डॉ. स्वामीनाथन दुनिया के ख्याति लब्ध कृषि वैज्ञानिक थे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए व्यापक सेवा की।' उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। सरकार कृषि और किसान कल्याण में उनके योगदान के लिए भारत रत्न दे रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऐलान

2024
में अब तक पांच नामों की हुई घोषणा

अब तक 53 लोगों को सम्मान

करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।

कांशीराम को भी भारत रत्न मिले

बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर पार्टी संस्थापक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग उठाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार द्वारा जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, उसका स्वागत है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लंबे इंतजार के बाद भारतरत्न से सम्मानित किया। दलित और उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया संघर्ष कम नहीं।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि ये तीनों 'भारत के रत्न' थे, हैं और सदैव रहेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने नरसिम्हा राव को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसका स्वागत करती हूं। क्यों नहीं?'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'कांग्रेस की ओर से हम पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

मौलाना तौकीर ने दिए भड़काऊ बयान, समर्थकों ने की तोड़फोड़

सैकड़ों समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने निकले मौलाना को पुलिस ने रास्ते से लौटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की जेल भरो अपील पर शुक्रवार को भारी तनाव के माहौल में हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई। पुलिस-प्रशासन ने मौलाना और उनके समर्थकों को सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए इस्लामिया ग्राउंड तो नहीं पहुंचने दिया, लेकिन उनके भड़काऊ बयानों के कारण प्रदर्शन के बाद लौटती भीड़ ने शहामतगंज में जमकर तोड़फोड़-पथराव किया और दो लोगों को पीट दिया। पुलिस ने डंडे चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस बीच मौलाना के आह्वान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बाजार बंद रहा। बवाल की आशंका देखते हुए दोपहर 12 बजे शहर के सभी स्कूलों की भी छुट्टी करा दी गई।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिद-मदरसों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए मौलाना तौकीर ने जुमे की नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड से कलेक्ट्रेट तक मार्च कर सामूहिक गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था। घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर सवा बजे मौलाना तौकीर ने आला हजरत दरगाह की करोलान मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। फिर समर्थकों के साथ रास्ते में लगा बैरियर तोड़ते हुए इस्लामिया ग्राउंड की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्कामुक्की हुई, लेकिन उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। करीब 15 मिनट बाद मौलाना तौकीर समर्थकों के साथ यहीं से लौट गए।

आईएमसी का सांकेतिक गिरफ्तारी का दावा: प्रदर्शन के बाद आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर और सैकड़ों समर्थकों की ओर से सांकेतिक गिरफ्तारी दी गई है, लेकिन प्रशासन ने इससे साफ इनकार किया। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि मौलाना और उनके समर्थकों को समझाकर रास्ते से ही लौटा दिया गया।

गिरफ्तारी देने जा रहे मौलाना रजा को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ● अमृत विचार

▸▸ बवाल की आशंका में स्कूलों की छुट्टी, बाजार भी बंद हो गए

आपत्तिजनक नारे लगाए शहामतगंज में पथराव

आईएमसी के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में बवाल होने से बच गया। इस्लामिया ग्राउंड की ओर से लौट रहे सैकड़ों लोगों ने शहामतगंज में मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के पास जमकर नारेबाजी की। 'मोदी-योगी होश में आओ' जैसे नारे लगाते हुए तोड़फोड़ के साथ दो लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पथराव भी किया। इससे यहां भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने डंडे फटकारकर भीड़ को खदेड़ा।

मुख्यमंत्री धामी बोले- देवभूमि को बदनाम करने वालों को बख्शेंगे नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ बलवे में 6 लोगों की गई जान 6000 अज्ञात लोगों पर केस

▸▸ दंगा भड़काने के आरोप में 19 नामजद, चार गिरफ्तार

अमृत विचार : बनभूलपुरा स्थित मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण पर हुए बवाल के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच शुक्रवार को हालात काबू में रहे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस-प्रशासन को उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आधिकारिक रूप से बलवे में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। शहर में कर्फ्यू जारी है। दंगा भड़काने के आरोप में 19 लोगों को नामजद करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा कुल 6000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

बीते गुरुवार की सायं नगर निगम, प्रशासन की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर बने अवैध तरीके से बने धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने पहुंची थी। इस दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की संयुक्त टीम पर पथराव शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने आगजनी की और बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था। बनभूलपुरा में हालात काबू में रहे और पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि का नाम बदनाम करने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो, फोटो से उपद्रवियों को चिह्नित किया जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानते हुए।

मीडियाकर्मी से मिलकर मुख्यमंत्री ने जाना हाल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने कनेरा का हालचाल जाना और कहा कि उनका उच्चस्तरीय इलाज करवाया जाएगा। बता दें कि संजय कनेरा पर भी कवरेज के दौरान उपद्रवियों ने हमला कर दिया था। उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी लूट ली और धारदार हथियार से घायल कर दिया था। वह पहले बेस अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी हालत को देखते हुए निजी अस्पताल ले जाया गया है।

एक नजर

नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी, हेमा और मीसा को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में शुक्रवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दी। विशेष जज विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद मामले में अदालत द्वारा जारी समन के अनुपालन में आरोपी अदालत में पेश हुए।

बाबा सिद्दीकी एनसीपी में आज होंगे शामिल: अजित

मुंबई। महाराष्ट्र में एक दिन पहले बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि बाबा सिद्दीकी 10 फरवरी को एनसीपी में शामिल होंगे। अजित पवार ने बताया कि 11 फरवरी को कुछ और लोग पार्टी में शामिल होंगे। हाल ही में चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट की एनसीपी को असली एनसीपी बताया था।

भाजपा के साथ जाएंगे जयंत बोले- किस मुंह से इनकार करूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रालोद प्रमुख ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कहा- 'दिल जीत लिया'

अमृत विचारः पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के साथ ही भाजपा और रालोद के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन पर भी मुहर लग गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा के साथ समझौता करने की भी पुष्टि की है। जयंत ने गठबंधन को लेकर शुक्रवार को मीडिया के सवालों पर कहा, 'क्या अब भी कोई कसर रहती है। आज मैं किस मुंह से इनकार करूं।' जयंत ने प्रधानमंत्री के संदेश पर लिखा भी, 'दिल जीत लिया।'

जयंत ने साफ तौर पर कहा कि पिता चौ. अजित सिंह का भी सपना आज पूरा हुआ।

यह भावुक और यादगार पल है, पीढ़ियों तक याद रहेगा। ऐसे में संकेत यह मिले हैं कि चौ. अजित सिंह के जन्मदिवस 12 फरवरी को रालोद के राजग में शामिल होने की घोषणा हो जाए। इस बीच लोकसभा चुनाव में यूपी की सीटों पर भी समझौता फाइनल माना जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने जयंत चौधरी के सामने बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट का प्रस्ताव रखा है। वहीं केंद्र में सरकार बनने पर मंत्री पद का भी प्रस्ताव रखा गया है। रालोद कोटे से योगी सरकार में दो मंत्री और एक राज्यसभा की भी सीट भी मिल सकती है।

पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने पर हो सकेगा रक्त संबंधियों में संपत्ति हस्तांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 बहुमत से पारित हो गया, जिसके तहत यह व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों में संपत्ति हस्तांतरण पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क देने के बाद किया जा सकेगा।

सदन में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 को पारित करने के लिए सदन में अनुरोध किया। पक्ष में बहुमत होने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की।



▸▸ विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ भारतीय स्टांप (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक

दरअसल, जमीनों की खरीद फरोख्त 'पॉवर ऑफ अटॉर्नी' बनाकर की ज रही थी, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा था। अब यह व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों से बाहर के लोगों को 'पॉवर ऑफ अटॉर्नी' पर सर्किल रेट का सात प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होगा। इसमें यह भी व्यवस्था दी गई है कि रक्त संबंधों में मात्र पांच हजार रुपये के स्टांप पर ही संपत्ति हस्तांतरण करने की सुविधा रहेगी।

इसके अलावा विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक-2024 पेश किया गया, जिसके कानून बनने के बाद राज्य में अब बहुमंजिला इमारतों में नई लिफ्ट व एस्केलेटर लगाने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में 'उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर' विधेयक, 2024 पेश किया। इन दोनों विधेयकों को शनिवार को पारित किए जाने का प्रस्ताव आ सकता है।

मुरादाबाद : खेल-खेल में फूस के पूलों में जलकर बच्ची की मौत

हसनपुर/सैदनगली। खेल-खेल में फूस के पूलों में आग लगने से पांच वर्षीय बच्ची की जलकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मोमराज सिंह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। बताते हैं कि गुरुवार की शाम मोमराज सिंह की पांच वर्षीय बेटी करिश्मा मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रही थी। बच्चों के साथ खेलने के लिए वह पन्नी का लट्टू बना रही थी। घर के पास ही फूस के पूले रखे हुए थे। पन्नी को चिपकाने के लिए बच्चों ने घर के पास रखे फूस के पूलों में आग लगा ली। देखते ही देखते आग भड़क उठी। तभी इस दौरान करिश्मा आग की चपेट में आ गई। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह बच्ची को आग से निकाला और उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक का कहना था कि बच्ची आग से 90 प्रतिशत से ज्यादा झुलस चुकी थी। उपचार के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका बच्ची तीन भाई बहनों में सबसे छोटी थी।

▸▸ परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई किया अंतिम संस्कार

आरोपी ने पुलिस हिरासत में की आत्महत्या की कोशिश, भीड़ ने थाना घेरा, लाठीचार्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक ने शुक्रवार की सुबह पुलिस हिरासत में अमांपुर थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसे बचा तो लिया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी है।

इसकी भनक लगते ही युवक के परिजनों ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ थाने का घेराव कर दिया। पुलिस और किशोरी पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर थाने में हंगामा काटा। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिस कर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। भीड़ ने थाने के बाहर जमकर पथराव किया। बवाल बढ़ने की आशंका पर बाजार बंद हो गए। सूचना पर पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और स्थिति पर काबू पाया। एसपी ने अमांपुर थाने के इंस्पेक्टर यतेंद्र कुमार व दरोगा दया प्रसाद को निलंबित कर दिया है।

थाना अमांपुर में एकत्रित भीड़ को खदेड़ते पुलिसकर्मी।

▸▸ इंस्पेक्टर समेत दो निलंबित

▸▸ अमांपुर थाना पुलिस पर एक युवक को 3 फरवरी से अवैध रूप से हिरासत में रखने के आरोप में कार्रवाई

"अमांपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में युवक को रखा था। शुक्रवार सुबह शौचालय में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर और दरोगा को निलंबित कर दिया है। – **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

खेती-किसानी गन्ना शोध परिषद ने विकसित कीं 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देने वाली किस्में

गन्ने की चार नई प्रजातियों से सुधरेगी किसानों की आर्थिक स्थिति

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचारः गन्ने की चार नई प्रजातियां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में कारगर साबित होंगी। गन्ना शोध परिषद ने चार नई प्रजातियां कोशा-16233, 15233, 17231 और 13235 तैयार की हैं। औसत उपज की बात करें तो करीब एक हजार क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अब तक प्रचलित प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। प्रदेश भर में इन प्रजातियों के गन्ने की खूब मांग है। किसान ऑनलाइन बुक कर बीज खरीद रहे हैं।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की ओर से गन्ने की ये प्रजातियां विकसित की गई हैं। प्रचलित गन्ना साढ़े आठ सौ से साढ़े नौ सौ क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज देता है। पुरानी प्रजातियों में लाल सड़न सहित तमाम बीमारियां भी लगती थीं, लेकिन इनमें लाल सड़न रोग लगने की आशंका बहुत कम है। गन्ना शोध परिषद के प्रसार अधिकारी एसके पाठक ने बताया कि कोशा 17231 की पैदावार प्रति हेक्टेयर 90 से 100 टन है और यह लगभग 10 महीने में तैयार हो जाती है। इसे अगेती प्रजाति कहते हैं। इसी तरह वैज्ञानिकों ने कोशा 15233 और 16233 की खोज की है। यह प्रजातियां भी लाल सड़न रोग कैंसर रोधी है।

▸▸ कोशा -16233, 15233, 17231, 13235 की बेहतर उपज ले सकेंगे किसान

"वैज्ञानिकों ने कोशा 17231, 15233, 16233 और 13235 प्रजाति के गन्ने का विकास किया है। यह प्रजातियां किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। कैंसर (लाल सड़न) बीमारी का भी इन पर असर नहीं होता। – **एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी, गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर

नई प्रजाति को विकसित करने में लगते हैं दस साल: गन्ने की एक नई प्रजाति के तैयार होने में करीब 10 साल का समय लगता है। अगर अब प्रजाति खेतों तक पहुंची है तो उसको तैयार करने की प्रक्रिया 10 साल पहले शुरू हुई थी। गन्ना शोध परिषद के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एक नई वैरायटी तैयार करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। पहले शोध परिषद के वैज्ञानिक कोयंबटूर जाकर मेल और फीमेल गन्ने की प्रजातियां को आपस में क्रॉस कराते हैं। कोयंबटूर जाने की मजबूरी इसलिए है, क्योंकि वहां की जलवायु इसके लिए सबसे सही है। पहली बार पौध तैयार करने पर उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ पेड़ी आदि की जांच भी की जाती है। इन सब प्रक्रिया में 10 साल का समय लगता है। तब एक प्रजाति बाहर आती है।

साढ़े छह हजार बड ऑनलाइन बुक

प्रदेश में 17231 प्रजाति के गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग चल रही है। साढ़े छह हजार बड बीज बुक हो चुका है। पश्चिमी यूपी के किसानों को मुजफ्फरनगर, पूर्वी यूपी के किसानों को सेबरहि और मध्य यूपी के किसानों को शाहजहांपुर से बीज दिया जा रहा है। बीज देने का आरंभ शुक्रवार से शाहजहांपुर गन्ना शोध परिषद में हुआ। किसानों को मिनी बीज किट का वितरण किया जा रहा है। 15233 प्रजाति को छोड़ अन्य तीनों किस्मों के बीज का विकास शाहजहांपुर शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने ही किया है।

दिल्ली से आई युवती नहीं दे पाई संतोषजनक जवाब

पीलीभीत, अमृत विचार: गुरुवार रात करीब 10.30 बजे एक युवती रोडवेज से पीलीभीत पहुंची। उसका कहना था कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। अपना आधार कार्ड आदि भी नहीं दिखा सकी। पूछने पर लोगों को बताया कि वह पूर्व में राजस्थान में काम करती थी। वहां उसकी मुलाकात सुनगढ़ी क्षेत्र के भिकारीपुर की कुछ लड़कियों से हुई थी। फिर वह काम करने दिल्ली आ गई। माता-पिता की मौत हो चुकी और अन्य रिश्तेदार अपने पास रखते नहीं है। वह सहेलियों से मिलने आई है। कुछ दुकानदारों से मदद मांगी।

मगर वह कोई सवारी न होने की बात कहते रहे। फिर युवती अगले जाने लगी तो पुलिस को लोगों ने सूचना कर दी। पुलिस कर्मी आए और युवती को ले गए। वह पुलिस को भी जब संतोषजनक जबाव न दे सकी तो उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। खुद को बालिग बताने पर आयु निर्धारण के लिए मेडिकल कराने के लिए लिखा गया। मगर इस पर भी वह राजी नहीं हो रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

हल्द्वानी कांड और बरेली में प्रदर्शन को लेकर प्रशासन अलर्ट...अधिकारी भांपते रहे हालात

पीलीभीत में बरती गई चौकसी, धार्मिक स्थल के आसपास तैनात रहा फोर्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा और बरेली में मौलाना तौकीर रजा के गिरफ्तारी देने के ऐलान के बाद शुक्रवार को पीलीभीत में भी पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। सुबह से ही मिश्रित आबादी और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों पर पुलिस ने गश्त कर निगरानी बढ़ा दी। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल रहा। अधिकारियों ने भ्रमण कर हालात पर निगाह बनाए रखी। दिन भर अलर्ट चला और शाम को समस्त मस्जिदों में सकुशल नमाज अदा किए जाने पर राहत की सांस ली। हालांकि इसके बाद भी खुराफात को लेकर चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

बता दें कि गुरुवार को उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा हो गई थी। इधर, बरेली में इत्तेहादे मिल्लत कौसिंल के नेता मौलाना तौकीर रजा खां ने गिरफ्तारी देने का ऐलान कर दिया था। इधर, जुमे की नमाज से एक दिन पूर्व शहर से सटे मुस्लिम बाहुल्य गांव चिड़ियादाह में ज्ञानवापी से जड़े पोस्टर भी चस्पा करा दिए गए थे। लाल रोड, देशनगर, जाटो चौराहा समेत अन्य मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा बंदोबस्त किए। महिला पुरुष पुलिसकर्मियों के अलावा प्रशासनिक टीम की भी तैनाती कर दी गई। पुलिस अधिकारियों संग मजिस्ट्रेट मोर्चा संभालने के लिए सड़कों पर निकल पड़े। शहर की शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न् कराने के लिए सुबह से ही बाहर पुलिस बल मुस्तैद रहा। नमाज के वक्त सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी, तहसीलदार राजेश मिश्रा भी पहुंच गए। एक-एक कर समस्त मस्जिदों में अलग-अलग समय पर शाम तक नमाज अदा हो गई। जिसके बाद अधिकारियों ने राहत महसूस की गई। पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

शाही जामा मस्जिद के बाहर नमाज के वक्त मौजूद सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी व अन्य।

शहर से देहात तक दिखा असर जुटाई जाती रही पल-पल की अपडेट

इंडो-नेपाल बॉर्डर पर भी रहा अलर्ट

पूरनपुर, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा के बरेली में गिरफ्तारी देने के ऐलान पर गुरुवार को रातभर पुलिस मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में गश्त करती रही। इंडो-नेपाल बॉर्डर तक अलर्ट रहा। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दरम्यान क्षेत्र की कई मस्जिदों के बाहर व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ आलोक सिंह ने बताया कि शांति व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई।

सड़कों पर कम दिखी चहलकदमी

वैसे तो माहौल पूरी तरह से शांत रहा। अब इसे इत्तेफाक कहें या कुछ और। शुक्रवार को अन्य दिनों की अपेक्षा मुख्य बाजार, लाल रोड, गांधी स्टेडियम रोड, रेलवे स्टेडियम, जेपी रोड समेत अन्य मुख्य मार्गों पर कम ही चहलकदमी दिखाई दी। शाम को कुछ रौनक बढ़ी।

अलर्ट के चलते बैठकें कर दीं रद

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अमला भी जुटा हुआ था। सभी को जिम्मेदारियां दी गई थीं। बताते हैं कि इसे लेकर अफसर कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगा दिया गया था। इसी वजह से शुक्रवार को किसी तरह की विभागीय बैठकें नहीं बुलाई गई थीं। मामले को लेकर सरकारी दफ्तरों में भी चर्चाएं होती रही।

48 घंटे बाद भी नहीं ढूंढ़ सके खुराफाती लोगों को, खंगाल रहे सोशल साइट्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: ज्ञानवापी से जुड़े विवादित पोस्टर लगाने का मामला सामने आने पर पुलिस ने अज्ञात पर एफआईआर तो दर्ज की लेकिन इस मामले को अभी भी जिम्मेदार गंभीरता से लेते नहीं दिखाई दे रहे हैं। नतीजतन 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं जुटा सकी है। खुराफात करने वाले तक पहुंचने के लिए सोशल साइट्स खंगालने जा रहे हैं। उसमें भी कोई प्रगति नहीं हो सकी है। फिलहाल ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय दिया और दूसरे दिन चहलकदमी रोजमर्रा की तरह आम रही।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में शहर से सटा मुस्लिम बाहुल्य गांव चिड़ियादाह में गुरुवार सुबह जब लोग घरों से बाहर निकले तो मकान की दीवारों, बिजली के खंभों पर ज्ञानवापी से जुड़े विवादित और भड़काऊ पोस्टर चस्पा मिले थे। जिसके बाद हड़कंप मच गया था। इसकी सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंचे और जानकारी की। खुफिया विभाग की टीमें भी पहुंची थी। माना जा रहा था कि बुधवार रात को किसी वक्त फिजा खराब करने के लिए पोस्टर लगवाए गए हैं। अज्ञात पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस घटना की तह तक पहुंचने के दावे तो किए गए, लेकिन पुलिस खुराफात करने वालों का पता नहीं लगा सकी है। आशंका जताई गई कि पोस्टर पहले सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। जिसके बाद उसके प्रिंट कराए गए। ऐसे में पुलिस ट्विटर एकाउंट खंगाल रही है। दूसरे दिन शुक्रवार को वैसे भी अलर्ट कर दिया गया था। एक दिन पहले पोस्टर लगाए जाने के कारण पुलिस बल तैनात रहा।

चिड़ियादाह गांव में चहलकदमी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने दिखाई सूझबूझ रोजमर्रा की तरह रही चहलकदमी

साइबर सेल करती रही विवादित मैसेज की निगरानी

गांव में चस्पा किए गए विवादित पोस्टर में ट्विटर का जिक्र करते हुए नौ फरवरी की रात नौ बजे का लिखा हुआ था। ऐसे कोई खुराफात विवादित मैसेज वायरल कर न की जा सके। इसके लिए साइबर सेल टीम को भी अलर्ट किया गया। सोशल मीडिया पर निगरानी कराई गई। खासकर ट्विटर एकाउंट से की जा रही पोस्टों पर साइबर सेल के कर्मचारी निगाह बनाए रहे।

> इस मामले में एक दिन पूर्व ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। गांव में माहौल पूरी तरह से शांत है। खुराफात किसने की, इसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है। जल्द ही उसका पता लगाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **-संजीव शुक्ला**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

भाजपा सरकार किसान और नौजवान विरोधी

जन पंचायत में मौजूद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी की ओर से शुक्रवार को पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम के तहत अभयपुर, भगवंतपुर, रिछोला सबल गांव में जन पंचायत की गई, जिसमें भाजपा सरकार पर सियासी निशाना साधा और सपा शासनकाल में हुए काम गिनाए।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार किसान और नौजवान विरोधी है। आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता मन बना चुकी है।

महिला सभा की प्रदेश सचिव गायत्री गंगवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं की हितैषी रही है। विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। इस मौके पर हरपाल सिंह लोधी, आफताब आलम अंसारी, रामप्रताप गंगवार, यासीन अंसारी, बीडी प्रजापति, केदारनाथ गौतम, डॉ. इरशाद, मीनाक्षी गंगवार, अभिषेक गंगवार, दिनेश वर्मा, अकरम अंसारी, अमित गौतम, रूम सिंह, एजाजुल हसन, रमेश सिंह, राजकुमार, लाजपत गंगवार आदि मौजूद रहे।

अन्नपूर्णा राशन की दुकान बनवाने की मांग उठाई

पीलीभीत, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष पातीराम कश्यप की अध्यक्षता में हुई। मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने कहा कि ग्राम पंचायत बरहा में ग्राम समाज की जमीन पर ग्राम प्रधानपति और तहसील प्रशासन ने शुलभ शौचालय बनवाया गया है।

उसी तर्ज पर अन्नपूर्णा राशन की दुकान का भी निर्माण कराया जाए। गांवों में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर उन्हें गोशाला भिजवाया जाए। किसानों की समस्याओं का निस्तारण जल्द हो। इस मौके पर वीरेंद्र पाल, कृष्ण शर्मा, राम स्वरूप, धर्मपाल गंगवार, रुप किशोर, मनोज कुमार, विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

सीएमएस ने भी इमरजेंसी स्टाफ को बचाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

सीएमओ ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और शासन को भेजा पत्र

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के सामने सड़क पर प्रसव में नवजात की मौत के मामले में एसीएमओ के बाद सीएमएस पुरुष अस्पताल ने भी इमरजेंसी स्टाफ को बचाते हुए गोलमोल आख्या दे दी। पूरी आख्या में इमरजेंसी स्टाफ की लापरवाही का जिक्र ही नहीं किया। सीएमओ ने इस आख्या से असंतुष्ट होकर अपने स्तर से कार्रवाई की संस्तुति करते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा और शासन को पत्र भेजा है।

बता दें कि रिश्तेदारी में आई नौ माह की गर्भवती बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी सुमन को बुधवार को ससुर कृष्णपाल, सास मुन्नी देवी गांव देवीपुरा से ई-रिक्शा से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि 45 मिनट तक परिवार भटकता रहा और महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही लेकिन इमरजेंसी स्टाफ ने सुधि नहीं ली।

इमरजेंसी के सामने सड़क पर प्रसव कराना पड़ा और नवजात की जान चली गई। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी एक दिन पूर्व रिपोर्ट तलब की थी। मामले में पहले एसीएमओ डॉ.छत्रपाल की रिपोर्ट को सीएमओ ने संतोषजनक नहीं बताया था। मेडिकल कॉलेज की पुरुष इकाई के सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना से मिली आख्या से भी सीएमओ संतुष्ट नहीं हुए और इसे कैंसिल कर दिया। इमरजेंसी ड्यूटी पर कार्यरत डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य को पत्र लिखा है। शुक्रवार को लखनऊ डीजी हेल्थ ने भी दोबारा से पूरी रिपोर्ट मांगी है। जिसको लेकर पूरे दिन महिला ईकाई में बने सीएमएस रूम में मंथन चलता रहा। फिलहाल शुक्रवार दोपहर बाद महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। परिजन उसे अपने साथ ले गए हैं।

> सीएमएस की ओर से दी गई आख्या में इमरजेंसी ड्यूटी पर उस वक्त मौजूद स्टाफ के न तो नाम दिए गए न ही मुख्य बिंदु पर जांच की गई। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। इसकी सूचना शासन को भी भेजी है।
> **-डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

7 दिन में शुल्क जमा करने की चेतावनी

पीलीभीत, अमृत विचार: जिले में 198 ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है। जिला पंचायत द्वारा प्रत्येक वर्ष ईंट भट्टों का नवीनीकरण किया जाता है। इसके लिए भट्ठा संचालकों को नवीनीकरण शुल्क जमा करना होता है। बताते हैं कि आठ ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा अभी तक नवीनीकरण नहीं कराया है। जबकि नवीनीकरण गत वर्ष अक्टूबर में होना था। इसको लेकर जिला पंचायत द्वारा पूर्व में इन ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी किया गया था। इधर, अधिकारियों के निर्देश पर टीम ईंट भट्टों पर पहुंची। टीम ने सभी भट्ठा संचालकों को सात दिनों के भीतर नवीनीकरण शुल्क जमा करने के निर्देश दिए हैं। शुल्क जमा न करने पर कोर्ट से शमन जारी करने की चेतावनी दी है। इधर, अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने बताया कि आठ ईंट भट्ठा संचालकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है।

बोर्ड परीक्षा: पांच जोन और 16 सेक्टर बनाकर बांटी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

परीक्षा में 44,780 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 22 से परीक्षा शुरू

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्र का निर्धारण करने के बाद परीक्षा को नकल विहीन शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों को पांच जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। जोनल में एसडीएम और सेक्टर में 16 जिला स्तरीय अफसरों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जोकि परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निगरानी करेंगे। अगर, किसी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी बाद में सामने आई तो संबंधित सेक्टर और जोनल की जिम्मेदारी होगी।

बोर्ड परीक्षा की शुरुआत 22 फरवरी से हो रही है। इस बार परीक्षा में कुल 44780 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें हाईस्कूल में 24970 और इंटरमीडिएट 19810 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 76 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इस बार नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर विभाग पुख्ता तैयारी कर रहा है, ताकि परीक्षा केंद्रों पर नकल की कोई गुंजाइश न रहे। अफसरों ने निरीक्षण करने के बाद सभी केंद्र पर वॉइस रिकॉर्ड वाले सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था को पूरा कर लिया है। स्ट्रांग रूम भी स्थापित कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं नकल रोकने के लिए कई नए नियम भी लागू किए गए हैं। अब शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की निगरानी करने के लिए केंद्रों पर जोनल और सेक्टर नियुक्त करने की सूची बनाकर डीएम संजय कुमार सिंह को भेजी थी। इस पर डीएम ने मुहर लगाते हुए परीक्षा के लिए जिले को पांच जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया है।

जोनल में सदर तहसील क्षेत्र में एसडीएम देवेंद्र सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जिनके अंडर में 22 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। इसी तरह अमरिया में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के 12 परीक्षा केंद्र की निगरानी करेंगे। बीसलपुर में एसडीएम महिपाल सिंह 23 परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखेंगे। पूरनपुर में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला 10 परीक्षा और कलीनगर में एसडीएम आशुतोष गुप्ता आठ परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था को संभालेंगे। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए जिला स्तरीय 16 अफसरों का चयन कर उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा सभी परीक्षा केंद्रों में एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों में प्रधानाचार्यों को केंद्र व्यवस्थापक पहले ही बनाया गया था। जबकि वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों के रूप में राजकीय व सहायता प्राप्त स्कूलों के वरिष्ठ शिक्षकों को जिम्मेदारी दी है। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाने के साथ ही नकल पकड़ने के लिए छह सचल दल टीम बनेंगी। जिसमें महिला पुरुष शिक्षकों के अलावा अफसर शामिल किए जाएंगे।

प्रवेश पत्र का वितरण शुरू, जल्द आएंगी कॉपियां

बोर्ड परीक्षा को अब कॉपियां जिले में भेजने की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि प्रवेश पत्र भेज दिए गए हैं। जिनका वितरण स्कूल में शुरू करा दिया गया है। परीक्षार्थियों को प्रवेश प्रत्र बांटे जा रहे हैं। दो चार दिन में कॉपियां भी जिले में पहुंचने की उम्मीद है। जैसे ही कॉपियों की और आपूर्ति होगी, उन्हें भी बांट दिया जाएगा।

> बोर्ड परीक्षा के निर्देशों से सभी केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को अवगत करा दिया गया है। साथ ही परीक्षा के लिए पांच जोन और 16 सेक्टर बनाए गए हैं। जिनमें जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्ति किए गए हैं। परीक्षा की तैयारियां तेजी से पूरी कराई जा रही हैं।
> **-गिरजेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

जलकल विभाग की टीम नहीं कर पाई समाधान, रिटायर्ड कर्मियों को जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

नगर पालिका अध्यक्ष के आदेश पर आउटसोर्स कर्मी के तौर पर किया शामिल

अमृत विचार : शहर की बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर पालिका की जलकल विभाग की टीम ने तमाम जतन किए, लेकिन कहीं न कहीं अनुभव की कमी आड़े आ गई। ऐसे में अब जलकल के रिटायर्ड कर्मचारी की मदद ली जाएगी। जिम्मेदारों का मानना है कि रिटायर्ड कर्मियों को शहर में पुराने स्थान पर डाली गई पाइप लाइन की अधिक जानकारी है। ऐसे में जल कल प्रभारी पद से रिटायर्ड एक कर्मचारी को जलकल विभाग में आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया है जो वर्तमान जलकल प्रभारी के सहयोगी के तौर पर काम कर लीकेज समेत अन्य समस्या का सुधार कराने में मदद करेगा।

अमृत योजना की पाइप लाइन बिछाने के बाद से शहर में पेयजल की व्यवस्था बेपटरी हो गई है। शहर में जगह-जगह लीकेज हो रहे हैं। जो शहरवासियों के मुसीबत बने थे। कुछ दिन पूर्व में अशोक कॉलोनी, एकता नगर, बल्लभनगर कॉलोनी समेत विभिन्न स्थानों में लीकेज की समस्या बनी हुई थी। नगर पालिका के जिम्मेदारों का कहना था कि गैस लाइन डालने वाले ठेकेदारों ने कई जगह गड्ढे किए थे। इसी दौरान कई जगह पानी की लाइन लीकेज हो गई, जिससे सुधारने में नगरपालिका की टीम जुटी रही। मगर लाइन पुरानी होने के कारण कर्मचारियों को स्थान तलाशने में दिक्कत आ रही थी। ऐसे कर्मचारी की तलाश की जा रही थी, जिसे पूर्व में डाली गई पाइप लाइन के बारे में अधिक जानकारी हो और वह जलकल टीम की मदद कर सके। नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के समक्ष पूर्व जलकल प्रभारी राकेश कुमार को आउटसोर्सिंग पर रखने का प्रस्ताव रखा गया। चेयरमैन ने स्वीकृति दी और तत्काल लीकेज की समस्या से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के निर्देश दिए। ताकि पेयजल व्यवस्था पटरी पर आ सके।

गन्ना खरीद में फर्जीवाड़े पर केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: किसान सहकारी चीनी मिल की गन्ना खरीद प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा सामने आने पर मिल प्रबंधन ने गन्ना क्रय केंद्र प्रभारी गुरदास सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इतना ही नहीं गुरदास सिंह को नौकरी से भी निकाल दिया।

घटनाक्रम पूरनपुर गन्ना समिति के टांडा छत्रपति कुंवरपुर तालुके गजरौला क्रय केंद्र का है। क्रय केंद्र प्रभारी गुरदास सिंह की निगरानी में गन्ने की तौल की जा रही थी। आरोप है कि शाबी नाम का कोई व्यक्ति फर्जी टोकन से गन्ने से भरा ट्राला चीनी मिल पहुंचा गया। गन्ना पर्यवेक्षक की जांच में मामला पकड़ में आया, तो खलबली मच गई। मिल प्रबंधन ने फौरन ही मामले की जांच की। इसके साथ ही क्रय केंद्र प्रभारी गुरदास सिंह के विरुद्ध पूरनपुर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने इस पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि गन्ना प्रवेक्षक जगदीश प्रताप सिंह की ओर से केंद्र प्रभारी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीओ अजय यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही आरोपी केंद्र प्रभारी को हटा दिया गया है।

केंद्र प्रभारी ने दी सफाई

उधर, क्रय केंद्र प्रभारी ने मामले में मिल अधिकारियों के सामने सफाई पेश करते हुए कहा कि जिस वक्त गन्ना तौला जा रहा था। उस दौरान नेटवर्किंग की दिक्कत आने पर मशीन बंद हो गई थी। उन्होंने बताया कि मशीन ऑफ करके दोबारा खोल लें। समाधान न होने ट्राला भेजना पड़ा।

फसल बीमा कराने में किसानों का घट रहा रुझान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

जनपद के 12,231 किसानों ने कराया फसलों का बीमा

पिछले रवी सीजन के मुकाबले घट गए 467 किसान

अमृत विचार : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर किसानों का रुझान कम होता नजर आ रहा है। रवी सीजन को लेकर इस बार जिले के 12,231 किसानों ने फसलों का बीमा कराया है, जबकि पिछले रवी सीजन के मुकाबले इस बार 467 किसान घटे हैं।

केंद्र सरकार द्वारा फसलों को आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। किसानों को फसलों की बीमित राशि का रिस्क कवर प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनी को डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होता है। इसमें फसलों की क्षति होने पर बीमित किसान को 72 घंटे के अंदर व्यक्तिगत दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत करना होता है। सूचना प्राप्त होने पर कंपनी 48 घंटे में क्षति के आकलन के लिए सर्वेयर को भेजती है। नुकसान के आधार पर क्लेम का भुगतान किया जाता है। इधर, बीमा योजना के स्वैच्छिक होने के कारण अब किसानों का रुझान कम होता नजर आ रहा है। इस बार रवी फसलों का बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई थी। इधर, फसल बीमा योजना में रुचि लेते हुए इस बार रवी सीजन 2023-24 के लिए जिले के 12231 किसानों ने फसलों का बीमा कराया है। इसमें 12314 लोनिंग किसान एवं 83 नॉनलोनिंग किसान शामिल है, जबकि वर्ष 2022-23 के रवी सीजन में 12698 किसानों ने फसलों का बीमा कराया था। जिसमें 654 किसानों को फसलों के हुए नुकसान की भरपाई करते हुए बीमा कंपनी ने 66,11,615 रुपये भुगतान किया था। पिछले रवी सीजन के मुकाबले इस बार 467 किसान घटे हैं। हालांकि किसानों की संख्या घटने के पीछे अफसर योजना के स्वैच्छिक होने व हर साल किसानों की संख्या मामूली रूप से बढ़ने-घटने का तर्क दे रहे हैं।

एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

> प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेकर फसलों का नुकसान होने पर क्लेम प्राप्त करके क्षति को कम किया जा सकता है। इस बार रवी सीजन के लिए जनपद के 12231 किसानों ने फसल बीमा करवाया है। किसानों की संख्या हर साल बढ़ती घटती रहती है। हालांकि योजना को लेकर जिले भर में प्रचार प्रसार कराया गया था, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ लें सकें।
> **-संतोष कुमार सविता**, उप कृषि निदेशक

तालाब नीलामी की 75 फीसदी धनराशि ग्राम पंचायतों को मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

डीपीआरओ ने सभी एसडीएम को पत्र भेजकर किया आग्रह

अमृत विचार: ग्रामीण अंचलों के तालाबों की नीलामी से अर्जित 75 प्रतिशत धनराशि अब ग्राम पंचायतों को दी जाएगी। अब तक नीलामी की यह धनराशि तहसीलों में जमा होती थी। इसको लेकर डीपीआरओ ने सभी एसडीएम को पत्र भेजकर नीलामी की धनराशि ग्राम पंचायतों के खातों में भेजने का आग्रह किया है।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों के तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन आदि को लेकर नीलामी की जाती है। अब तक तालाबों की नीलामी की पूरी धनराशि तहसील में जमा होती आ रही है। इसका कोई भी हिस्सा ग्राम पंचायतों को नहीं मिलता है। जबकि शासनादेश के मुताबिक तालाबों से होने वाली आय का 25 प्रतिशत राजस्व विभाग एवं 75 प्रतिशत संबंधित ग्राम पंचायत के खाते में भेजा जाना चाहिए। इधर, मामला जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार के संज्ञान में आया। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में तालाबों की नीलामी की 75 फीसदी धनराशि संबंधित ग्राम पंचायतों के खातों में हस्तांतरित करने का आग्रह किया है।

> संज्ञान में आया है कि ग्राम पंचायतों के तालाबों की नीलामी की धनराशि तहसीलों में जमा की जा रही है, जबकि 75 फीसदी धनराशि ग्राम पंचायतों के खातों में भेजी चाहिए। इसको लेकर सभी उप जिलाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।
> **-सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी



गेहूं खरीद को लेकर 124 क्रय केंद्रों का हुआ निर्धारण, चार क्रय एजेंसियों के माध्यम से खरीद की तैयारी

पिछले वर्ष हुई फजीहत, इस बार भी गेहूं खरीद चुनौती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: जिले में गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। इसके लिए चार क्रय एजेंसियों के 124 क्रय केंद्रों का निर्धारण किया गया है। यह दीगर बात है कि पिछले सीजन में लक्ष्य के सापेक्ष एक फीसदी भी गेहूं खरीद नहीं हो सकी थी। जिसको लेकर जमकर फजीहत हुई थी।

बीते वर्ष रवी सीजन में जनपद में 141 क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद की गई थी। उस दौरान लक्ष्य के सापेक्ष मात्र

0.91 फीसदी ही गेहूं खरीद हो सकी थी। जिसको लेकर जमकर फजीहत हुई थी। पिछली खरीद को देखते हुए प्रशासन को इस बार गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इधर शासन ने इस बार किसानों

▸▸ इस बार एक अप्रैल से नहीं, 15 मार्च से ही शुरू होगी खरीद

शासन के निर्देशानुसार इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद की जाएगी। पूर्व में चार क्रय एजेंसियों के 81 क्रय केंद्रों का निर्धारण किया जा चुका है। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा 43 अन्य केंद्रों को मंजूरी दी गई है। -वीके शुक्ल, डिप्टीआरएमओ

को राहत देने के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 150 रुपये से बढ़ाकर 2275 रुपये निर्धारित किया है। आमतौर पर हर साल एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होती है, लेकिन इस बार 15 मार्च से खरीद कराने का निर्णय लिया गया है। इधर धान खरीद के दौरान ही शासन ने गेहूं खरीद को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए थे। गेहूं खरीद को लेकर अपर जिलाधिकारी का जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है।

गेहूं खरीद को लेकर जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे गए थे। प्रस्तावों की जांच के बाद पत्रावली अनुमोदन के लिए डीएम को भेजी गई थी। डीएम द्वारा पूर्व में 81 क्रय केंद्रों को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद 43 अन्य क्रय केंद्रों के अनुमोदन को लेकर पत्रावली डीएम संजय कुमार सिंह को भेजी गई। डीएम द्वारा सभी 43 क्रय केंद्रों को मंजूरी दे दी गई। कुल मिलाकर अभी तक 124 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। खाद्य विभाग के मुताबिक पीसीएफ के 25, पीसीयू के 31, यूपीएसएस के 28 एवं भारतीय खाद्य निगम के 40 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। विभाग के मुताबिक अभी और क्रय केंद्रों का निर्धारण किया जाना है। वहीं जनपद के 600 किसानों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया जा चुका है।

खाद की दुकानों पर की गई छापेमारी, तीन नमूने भरे

संवाददाता, पूरनपुर

▸▸ कई दुकानदार शटर बंद कर चले गए

अमृत विचार: खाद की दुकानों पर नकली दवाएं और उर्वरक की बिक्री शिकायतों पर कृषि विभाग ताबड़तोड़ छापेमारी कर रहा है। शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने क्षेत्र में खाद की दुकानों पर जांच की।

इस दौरान तीन दुकानों से फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड के नमूने भरे हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। वहीं, बीते शनिवार को अपर जिला कृषि अधिकारी पंकज कुमार ने मजिस्ट्रेट के साथ कस्बे में खाद की कई दुकानों पर छापेमारी की थी। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने पूरनपुर में तीन दुकानों पर छापेमारी की। माधोटांडा रोड पर साईं राम कृपा और पीलीभीत रोड पर सतनाम खाद भंडार के यहां से पेस्टिसाइड का नमूना जांच के लिए लिया गया। विपिन खाद भंडार से संदिग्ध फर्टिलाइजर का नमूना भरा। कई दुकानों के शटर बंद कर चले गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि तीन दुकानों की जांच कर नमूने लिए गए हैं।

डकैतों का नहीं सुराग...45 घंटे में दूसरी मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली

पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हिस्ट्रीशीटर और उसके तीन अन्य साथी दबोचे, अमरिया पुलिस ने की धरपकड़, चोरी के चार इंजन पंपसेट बरामद किया

संवाददाता, पीलीभीत/अमरिया

अमृत विचार: पूरनपुर क्षेत्र में थोक किराना व्यापारी के घर 40 लाख की डकैती डालने वाले डकैतों का कोई सुराग नहीं लग रहा है। पुलिस पिकेट प्वाइंट के नजदीक तीन दुकानों में नकब लगाकर चोरियां हो चुकी हैं। इन वारदातों का खुलासा करने में पुलिस भले ही असफल है लेकिन पुलिस की 45 घंटे में दूसरी बार बदमाशों से सड़क पर मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलियां चलीं। अमरिया पुलिस टीम ने दियूनी डैम रोड से हिस्ट्रीशीटर को उसके साथियों को दबोचा है। हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी है। चार इंजन बरामद करने का दावा कर अमरिया पुलिस ने गुडवर्क गिनाया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

अमरिया पुलिस की गुरुवार देर

व्हीलचेयर पर घायल हिस्ट्रीशीटर को लेकर अस्पताल से निकलती अमरिया पुलिस।

अमरिया पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए अन्य तीन आरोपी व बरामद किए गए इंजन पंपसेट।

रात करीब सवा 11 बजे गश्त के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। दियूनी डैम मार्ग पर नसीम नगर गांव के पास पहुंचते ही पुलिस को दो बाइकों पर सवार चार लोग आते दिखाई दिए। दोनों बाइकों के बीच रस्सी से पंपिंग सेट इंजन बांध रखा था। पुलिस ने शक होने पर रुकने का इशारा किया लेकिन आरोप है कि बाइक सवार भागने लगे। पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक बदमाश के लगी। इसके बाद घेराबंदी कर अमरिया के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर शेरा पुत्र शहजादे, ग्राम अंटा गौटिया निवासी हरीश उर्फ भूरा पुत्र नंदराम, संतोष पुत्र राधेश्याम और सिरसा गांव निवासी मोहम्मद रफीक पुत्र मोहम्मद उमर को पकड़ लिया। उनके पास से दो तमंचे, तीन कारतूस, एक खोखा, बाइक और एक इंजन पंपसेट बरामद हुआ। उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस थाने आ गई। घायल हिस्ट्रीशीटर शेरा का रात में ही जिला अस्पताल में इलाज कराया। चोरी किए तीन अन्य इंजन पंपसेट भी बरामद किए हैं। शुक्रवार दोपहर को अमरिया थाना में प्रेसवार्ता कर पुलिस ने पकड़े आरोपियों के संबंध में खुलासा किया।

अल्टीमेटम समाप्त होने को आया पर नहीं हुआ डकैती का खुलासा

30 जनवरी की रात पूरनपुर के किराना व्यापारी के सुनील गुप्ता के परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख की डकैती डाली गई। इस वारदात ने पुलिस अधिकारियों के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। पहले शहर की गल्ला मंडी में एक ही रात में दो दुकानों में नकब लगाकर चोरी हुई। फिर 5 फरवरी की रात मुख्य बाजार में बल्लभनगर कॉलोनी निवासी कपिल वर्मा की मोबाइल शॉप में छत के रास्ते नकब लगाकर 15 लाख कीमत के मोबाइल चोरी कर लिए। घटना के बाद व्यापारी लामबंद हो गये हैं। जल्द खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। अल्टीमेटम में दिया समय पूरा होने को हैं, लेकिन इन वारदातों के खुलासे के आसपास तक पुलिस नहीं पहुंच पाई।

हिस्ट्रीशीटर शेरा पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट समेत 11 मुकदमे

मुठभेड़ में गोली से घायल हुआ हिस्ट्रीशीटर शेरा शातिर अपराधी है। वह गिरोह बनाकर लूट, चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस की मानें तो उस पर अमरिया व जहानाबाद थाने में लूट, चोरी, जानलेवा हमला, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के करीब 11 मुकदमे हैं।

अमरिया पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हिस्ट्रीशीटर समेत चार अपराधियों की गिरफ्तारी की है। हिस्ट्रीशीटर ने पहले पुलिस टीम पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक गोली हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी। उसका जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। आरोपियों के पास से चोरी किए गए चार इंजन पंपसेट भी बरामद हुए हैं। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई कराई गई है। -**प्रतीक दहिया**, सीओ सदर

एसपी से आज मिलेंगे व्यापारी नेता

पीलीभीत, अमृत विचार: पूरनपुर में हुई चालीस लाख की डकैती और शहर में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। व्यापारियों की ओर से दिए गए समय के पूरा होने के बाद भी कोई खास प्रगति नहीं हो सका है। डकैती की घटना के 11 दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। वहीं, शहर में हुई चोरी की घटनाओं में भी कोई खास क्लू नहीं जुटाया जा सका है, जबकि पुलिस को मोबाइल शॉप संचालक की ओर से 32 मोबाइलों से जुड़ी डिटेल भी दी जा चुकी है। सिर्फ जल्द खुलासे के आश्वासन दिए जा रहे हैं। इसे लेकर आज शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े व्यापारी एसपी से मुलाकात करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री शैली अग्रवाल का कहना है कि अभी तक घटनाएं नहीं खुल सकी हैं। अल्टीमेटम का समय पूरा हो चुका है। पुलिस निष्क्रिय साबित हुई है। आज दोपहर 12 बजे व्यापार मंडल कार्यालय व्यापार भवन में बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल होंगे।

डीएफओ सामाजिक वानिकी लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ विवादित कार्यशैली के चलते बढ़ी शिकायतें, पूर्व डीएम भी लगा चुके थे फटकार

अमृत विचार: सिटी मजिस्ट्रेट के बाद अब सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भी राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की नाराजगी का शिकार हो गए। शासन ने वन राज्यमंत्री के निर्देश पर डीएफओ आरके सिंह को प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध किया है। उनके स्थान पर बरेली वन प्रभाग के डीएफओ समीर कुमार को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

सामाजिक वानिकी प्रभाग में डीएफओ संजीव कुमार के तबादले के बाद डीएफओ आरके सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया था। जनपद में मात्र दो माह के कार्यकाल के दौरान डीएफओ आरके सिंह अपनी कार्यशैली को लेकर खासे विवादित रहे। ज्वाइनिंग के कुछ दिन बाद ही कलीनगर क्षेत्र के गांव सपहा में ग्रामीणों से हुई तनातनी के बाद उन्हें भागना पड़ा था। गत वर्ष दिसंबर में शहर के बीचोंबीच हुए बाग कटान मामले में उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। जिस पर उन्हें तत्कालीन डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था। बाघों एवं उनकी सुरक्षा को लेकर लापरवाही भरे बयानों के चलते वह खासे विवादों से घिरे रहे। बताते हैं कि डीएफओ की विवादित कार्यशैली को लेकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से भी शिकायत की गई। राज्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते से वन राज्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया। वन राज्यमंत्री के निर्देश पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार ने डीएफओ आरके सिंह को प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बरेली वन प्रभाग के डीएफओ समीर कुमार को चार्ज दिया है। डीएफओ का तबादला पूरे दिन खासी चर्चा का विषय बना रहा।

बीआरसी में कार्यकत्रियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

पूरनपुर, अमृत विचार: परिषदीय स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चे स्कूली माहौल में ढलने में काफी समय लेते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन साल से ऊपर के बच्चों को पंजीकृत कर पढ़ाया जाता है। पोषण आहार भी दिया जाता। आंगनबाड़ी केंद्रों से निकलने के बाद बच्चे 5- 6 साल की उम्र में पढ़ने के लिए स्कूलों में प्रवेश लेते हैं। स्कूलों में पढ़ने से पहले अब उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों पर ट्रेंड किया जाएगा। बीआरसी से प्रशिक्षण लेने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों को स्कूल पहुंचने से पहले प्रारंभिक जानकारी देंगी। इसमें बच्चों की ड्रेस और उसे पहनने का सही तरीका, वस्तुओं की जानकारी दी जाएगी, जिससे उनकी प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत हो सके। बुधवार से शुरू हुआ ये प्रशिक्षण तीन चरणों में चलेगा। इसमें 50-50 आंगनबाड़ी प्रशिक्षण लेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगा बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ दो साल से बिना सूचना के चले आ रहे थे गैरहाजिर

▸▸ आठ माह पूर्व वन दरोगा को निलंबित कर दिया गया था

अमृत विचार: पीलीभीत- पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दो वन दरोगाओं को बर्खास्त कर दिया गया। दोनों वन दरोगा बिना सूचना पिछले दो साल से गैरहाजिर चले आ रहे थे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के महोफ रेंज के वन दरोगा अखिलेश कुमार सिंह सितंबर 2021 से बिना किसी सूचना के नदारद चल रहे हैं। जब अधिकारियों को इस बात की जानकारी हुई तो आठ माह पूर्व वन दरोगा को निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद वन दरोगा को वन एवं वन्यजीव प्रभाग से अटैच कर दिया था। इसके बाद भी वन दरोगा की कोई जानकारी नहीं लग सकी। इसके बाद गैरहाजिर चल रहे वन दरोगा को अंतिम नोटिस भेजा गया।

इसी तरह वन दरोगा विनय प्रकाश भी दो साल से अधिक समय से गैरहाजिर चल रहे थे। विनय प्रकाश को भी नोटिस भेजे गए, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। बाद में विनय प्रकाश को भी अंतिम नोटिस भेजा गया। अंतिम नोटिस का भी जवाब न मिलने पर डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल द्वारा दोनों वन दरोगाओं को बर्खास्त करने की संस्तुति की गई थी। इधर, शुक्रवार को वन दरोगा अखिलेश कुमार सिंह एवं विनय प्रकाश को बर्खास्त कर दिया गया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल ने बताया कि गैरहाजिर चल रहे वन दरोगाओं को बर्खास्त करने की संस्तुति की गई थी। जिसके बाद वन दरोगा अखिलेश कुमार सिंह एवं विनय प्रकाश को बर्खास्त कर दिया गया है।

अवैध अस्पताल-क्लीनिक चलाने की जांच के बीच शिकायतकर्ता की सुलह

संवाददाता, पूरनपुर

▸▸ स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी, शिकायतकर्ता ने दिया सुलहनामा

▸▸ डॉक्टरों ने शिकायतकर्ता पर लगाया था वसूली का आरोप

अमृत विचार: बगैर डिग्री के अवैध रूप से अस्पताल और क्लीनिक संचालित होने के आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने वाला शिकायतकर्ता जांच शुरू होते ही पलट गया। जांच के दौरान आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। डॉक्टरों ने शिकायतकर्ता पर उगाही का आरोप लगाया। उधर फर्जीवाड़े की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने नायब तहसीलदार के साथ मिलकर कई अस्पताल और क्लीनिकों पर छापेमारी की। संचालकों से शैक्षिक दस्तावेज, पंजीकरण तलब किए। इस बीच शिकायतकर्ता ने अब स्वास्थ्य विभाग को शपथ पत्र देकर अपनी शिकायत वापस लेने की अपील की है।

बता दें कि तीन जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र भेजा था। आरोप था कि क्षेत्र में कई अस्पताल और क्लीनिक फर्जी तरीके से चलाए जा रहे हैं। जहां न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और उन ही प्रैक्टिस की उनकी योग्यता है। इसमें माधोटांडा क्षेत्र के नौ अस्पताल क्लीनिक शामिल थे। शिकायत गंभीर थी इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने जांच के निर्देश दिए। बुधवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार, नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने टीम के साथ कई क्लीनिक और अस्पतालों का निरीक्षण किया और दस्तावेज मांगें। इससे पहले डॉक्टरों का एक वर्ग सीओ के पास पहुंचा और शिकायतकर्ता पर वसूली का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। जिसमें कार्रवाई की मांग की गई। बताते हैं कि मामला तूल पकड़ने और डॉक्टर और शिकायतकर्ता ने बीच का रास्ता निकाल सुलह कर ली गई। अब शिकायतकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग को दिए हलफनामें में कहा कि सम्मानित व्यक्तियों की मध्यस्थता से उनका समझौता हो गया। लेकिन सवाल बरकरार है। क्या शिकायत वापस लेने फर्जीवाड़े का संशय खत्म हो गया? क्या वाकई में डॉक्टरों से वसूली के लिए ही ये शिकायत की गई थी?

नगर के एक अस्पताल में भी यही खेल

नगर के शाजिया अस्पताल को लेकर भी इसी तरह की चर्चाएं आम हुई थीं। एक मरीज की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल सील कर दिया। बाद में चर्चा ये भी रही कि एक कथित नेता ने समझौते के नाम पर मोटी डिमांड कर दी। ये मामला भी कई दिनों तक चर्चा में रहा था।

> शिकायत पर अस्पताल और क्लीनिकों पर छापेमारी की गई थी। डॉक्टरों से दस्तावेज मांगे गए थे। अब शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ले ली है।
> - **डा. अनिकेत गंगवार**, एमओआईसी

पहले पेड़ों की कटिंग और अब फाल्ट ने गुल कर दी बिजली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ नई तहसील के पास आई दिक्कत तो टीम ने किया सुधार

अमृत विचार: इन दिनों सुधार कार्य के नाम पर शहर वासियों को बिजली किल्लत से जूझना पड़ रहा है। पेड़ों की छंटाई का काम कराए जाने के चलते दिन में बिजली सप्लाई बंद रखी जा रही है। इसके बाद फाल्ट होने पर दोबारा समस्या गहराई हुई है। अघोषित कटौती का स्थायी समाधान पॉवर कॉरपोरेशन के जिम्मेदार नहीं कर पा रहे हैं। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बिजली सप्लाई का हाल किसी से छिपा नहीं है। हल्की सी हवा चले या फिर बूंदाबादी... ऊपर से लोड की दिक्कत। बिजली कब चली जाए कुछ पता नहीं। आलम ये है कि गर्मी, सर्दी और बरसात तीनों मौसम में ही अघोषित कटौती की मार तो झेलनी ही है। पिछले चार पांच दिन से पावर कारपोरेशन की ओर से बेहतर सप्लाई देने और फाल्ट की दिक्कत दूर कराने के लिए पेड़ों की छंटाई कराई जा रही है। शुक्रवार को भी सुबह से काम शुरू हुआ और बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। ताकि पेड़ों की छंटाई करते वक्त श्रमिकों के साथ कोई हादसा न हो। दोपहर तीन बजे के बाद इसे चालू करा दिया गया।

मगर कुछ ही देर में नई तहसील के पास तार में फाल्ट हो गया। इससे आयुर्वेदिक कॉलेज मार्ग, मोहल्ला खकरा, मलिक अहमद, चौक बाजार समेत आसपास के इलाके में बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इसकी सूचना मिलने पर टीम पहुंची और फिर शाम करीब छह बजे के बाद तार जोड़कर सप्लाई चालू कराई गई। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि पेड़ों की छंटाई के चलते दिन में कुछ इलाको की सप्लाई बंद रखी गई थी। शाम को फाल्ट हो गया था। उसका भी टीम भेजकर कुछ देर में सुधार करा दिया गया।

नई तहसील के पास तार जोड़ते बिजलीकर्मी।

पुलिस ने अवैध खनन में चार ट्रैक्टर ट्रालियां पकड़ीं

बीसलपुर, अमृत विचार: अवैध खनन की सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह ने छापेमारी की। इस दौरान खनन में लिप्त चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा, जबकि उनके चालक मौके से भाग गए। खनन करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है।

ग्राम पकड़िया मंगली के ग्रामीणों ने एसडीएम महिपाल सिंह से बीते दिनों शिकायत की थी। शिकायत में ग्रामीणों ने बताया था कि उनके क्षेत्र में अवैध खनन चल रहा है। दिन -रात बेखौफ होकर खनन किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने शुक्रवार को टीम के साथ मौके पर जाकर छापा मारा। टीम के पहुंचते ही खनन करने वालों में खलबली मच गई और इधर-उधर भाग गए जबकि टीम ने चार ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन में पकड़ी। एसडीएम ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में ली गई है। मामले की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेज दी गई है।

दर पर जब आए तुम्हारे हजरते दादा मियां...

मुशायरे में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ हजरत दादा मियां के सालाना उर्स के मौके पर हुआ मुशायरा

अमृत विचार: हजरत दादा मियां के सालाना उर्स-ए-पाक में गुरुवार रात मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें शायरों ने दादा मियां के शान में अपने बेहतरीन कलाम पेश किए। देर रात तक चले मुशायरे में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मोहल्ला मदीना शाह में गुरुवार रात नातो मनकबत के मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे की सदारत हजरत मुफ्ती हसन मियां कदीरी ने एवं निजामत मस्जिद मदीना शाह के इमाम हफीज मोहम्मद इकराम कदीरी ने की। इस दौरान हजरत मौलाना मुफ्ती हसन मियां कदीरी ने कलाम पेश करते हुए कहा कि आप ही के नूर से तखलीक फरमाकर हसन, आप ही की मिलकियत में दी खुदा ने कायनात। शराफत हुसैन शाद ने अपना कलाम कुछ यूं पेश किया कि उसको बुझा ना पाएगी बातिल की आंधियां, हाफिज चरागेदीन का परवरदिगार है। मोहम्मद हाशिम नाज ने कहा कि यूं हुए गम दूर सारे हजरते दादा मियां,दर पर जब आए तुम्हारे हजरते दादा मियां। शायर शकील अंजुम ने कलाम पढ़ा कि गदाई मिल गई आका के दर की, बड़ी इससे अता कोई नहीं है। शायर उस्मान रजी ने कहा कि ना जिसका सानी कोई है ना जिसका साया है, खुदा का नूर लिबासे बशर में है। शायर अशरफ जाम कविश ने कहा कि जिसे हूरों ने भी पैहम निहारा या रसूलुल्लाह, तुम्हारे दर का है ऐसा नजारा या रसूलुल्लाह। मझोला के मोहम्मद हसन कादरी ने कहा कि दूर है जो आपकी ताजिम से तौकीर से, बस वही महरूम है ईमान की तनवीर से। इसके अलावा शायर अजीम फैजी, अब्दुल सईद खां, मोहम्मद जहीर, बब्बू अंसारी, मोहम्मद असद आदि ने कलाम पेश किए।

भाजपा दलित और मुस्लिम विरोधी, कांग्रेस को बनाएं मजबूत

पीलीभीत, अमृत विचार: अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम के निर्देशानुसार चलाए जा रहे टारगेट-41 अभियान के सातवें दिन शनिवार को मोहल्ला देशनगर, शेर मोहम्मद मे दलित मुस्लिम बस्ती में संवाद किया गया। जिसमे लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट न करने की अपील की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस ने बताया कि जब मुस्लिम और दलित कांग्रेस को वोट करते थे तो भाजपा के दो ही सांसद होते थे, आज संविधान और लोकतंत्र पर खतरा है। अगर संविधान खत्म हुआ सबसे ज्यादा नुकसान अल्पसंख्यक और दलित समुदाय का होगा। भाजपा को दलित मुस्लिम विरोधी बताया। कांग्रेस को मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके पर इश्तियाक अहमद अंसारी, सादिक अल्वी, मोहम्मद यूसुफ खान, मोहम्मद फहीम, चमन शाह, मोहम्मद रिजवान उस्मानी, मोहम्मद साबिर लाला, निजाम खान, सैयद तनवीर अली, प्रेम गौतम आदि मौजूद रहे।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

मौनी अमावस्या पर शारदा में लगाई श्रद्धालुओं ने डुबकी

सूर्य को अर्घ्य देकर व पूजन कर मांगी मनौतियां, देर शाम तक जगह-जगह चले खिचड़ी के भंडारे

संवाददाता, पूरनपुर

- जाम के चलते श्रद्धालुओं को दो किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ा

अमृत विचार: मौनी अमावस्या पर शारदा नदी के तट पर उमड़े श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। नदी के तट पर श्रद्धालुओं के भारी तादाद में उमड़ने से सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स को खासी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार और बसों समेत कई वाहन पहुंचने से जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान रोकटोक करने पर पुलिसकर्मियों से हल्की बहस भी होती रही।

शुक्रवार को शारदा नदी के धनारा घाट पर हर साल की तरह विशाल मेला लगा। एक दिन पहले ही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से दोनों पैंटून पुलों पर आवागमन बंद कर दिया गया था। शुक्रवार की भोर से ही शारदा की तरफ श्रद्धालुओं का हुजूम पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। जाम के हालात से निपटने के लिए वाहनों को घाट से पहले ही रोक लिया गया। श्रद्धालुओं को दो किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ा।

शारदा पर भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दिया और प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगी। भंडारे चले, जहां प्रसाद गृहण किया। इस दौरान सर्वाधिक भंडारे खिचड़ी के हुए।

घाट पर लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस बार मौनी अमावस्या पर लगे मेले में लगभग दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भीड़ उमड़ने से घाट से पहले ही जाम की स्थिति बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरनपुर कोतवाली और थाना हजार की पुलिस मौजूद रही। पुलिसकर्मियों ने वाहनों को पीछे रोक कर जाम की समस्या दूर की। हालांकि वाहनों को घाट तक ले जाने को लेकर श्रद्धालुओं की पुलिस से बहसबाजी भी हुई।

मौनी अमावस्या पर शारदा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मेले में नहीं की गई प्रकाश व्यवस्था

मौनी अमावस्या से एक दिन पहले बाबा राघवदास ने एसडीएम से मेले में प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की थी। इसके बावजूद मेले में लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई। देर शाम लौटने वाले श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा घाट पर देर तक चले आयोजनों में लोगों ने वाहनों की लाइट जलाकर रोशनी की। माघ माह के शुरू होने के साथ ही संत महात्माओं की रामनगरिया बस गई थी। रामनगरिया से पहले भी साधु संतों ने धनाराघाट पर प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

मोटर बोट के साथ मुस्तैद रहे एसएसबी जवान

मौनी अमावस्या पर हर साल की तरह शारदा नदी के घाट पर लाखों लोग पहुंचे। इस दौरान नदी में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। बच्चे, पुरुष, महिला और बुजुर्ग भी पुण्य कमाने के लिए नदी में नहाए। नदी किनारे मेले में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर एसएसबी जवान अलर्ट रहे। मोटर बोट के साथ वह शारदा नदी में लगातार गश्त करते रहे। गहरे पानी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को उन्होंने किनारे पर नहाने की सलाह दी।

धनाराघाट मेले में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

महिला ने लगाया दहेज उत्पीड़न करने का आरोप

संवाददाता, अमरिया

- महिला को इलाज के बहाने लाए और मायके छोड़ गए ससुराली

अमृत विचार: एक महिला ने पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरिया थाने में दी गई तहरीर में ग्राम पंडरा किशनदास निवासी नूतनप्रीत कौर ने बताया कि उसकी शादी 14 मार्च 2020 को नैनीताल के थाना कालाढूंगी क्षेत्र के ग्राम हरीपुर चकलुवा निवासी गुरप्रीत सिंह से हुई थी। विदा के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज का ताना मारने लगे। दहेज में दो लाख रुपये की मांग शुरू कर दी गई। पिता जब विदा कराने आए तो उनसे भी रकम मांगी। पिता ने पति के नाम एक लाख रुपये का चेक दिया। खाना नहीं देते और कमरे में बंद रखने लगे। इसके बाद 10 लाख रुपये मांगने लगे। इससे वह बीमार रहने लगी। मायके से कोई आता तो मिलने नहीं देते। जनवरी 2021 में पिता ने एलईडी दी। फिर भी पिता से मिलने नहीं दिया। 18 जनवरी 2021 को इलाज के बहाने लेकर आए और मायके में छोड़ दिया। 10 लाख कीमत का जेवर हड़प लिया। कई बार मायके वालों ने प्रयास किए लेकिन नहीं माने। हल्द्वानी में विवाह शून्य घोषित करने का मुकदमा कर दिया। अमरिया पुलिस ने पति गुरप्रीत सिंह, ससुर जसविंदर सिंह, सास बलजीत कौर, बलजिंदर सिंह, तेजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हमला कर मां-बेटे और पुत्रवधू को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

पीलीभीत, अमृत विचार: पुराने विवाद में मां-बेटे और पुत्रवधू की पिटाई कर दी गई। गांव के ही चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम विधिपुर निवासी मीरा देवी ने गजरौला थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति रामकुमार का निधन हो चुका है। उसे मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिला है। जिसका गांव का ही चेतराम विरोध करता है। सात फरवरी की सुबह सात बजे चेतराम, बनवारी, सुरेश कुमार, रामकृष्ण उसके मकान के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई की। शोर सुनकर पुत्रवधू सीमा, बेटा कृष्ण कुमार बचाने आए तो उन्हें भी पीा। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसओ रूपा बिष्ट ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच करा रहे हैं।

महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में पुरस्कृत किए गए मेधावी विद्यार्थी

संवाददाता, बीसलपुर

- कैटवॉक में छात्रा रिया चुनी गईं मिस बाला देवी

अमृत विचारः बाला देवी रोशन लाल पीजी कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मिस बाला देवी छात्रा रिया चुनी गईं।

वार्षिक उत्सव समारोह की शुरुआत महाविद्यालय के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. तौलेराम गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तारावती गंगवार ने संयुक्त रूप से की। सर्वप्रथम छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। लोक नृत्य, पंजाबी नृत्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कैटवॉक प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रिया प्रथम स्थान पर रही, जबकि बीएससी तृतीय वर्ष की अल्कीसा द्वितीय और इसी कक्षा की सलोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार, नवाबगंज की पूर्व ब्लाक प्रमुख बीनू गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, लालौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने पुरस्कृत किया। बीए, बीएससी, एमए, एससी प्रथम वर्ष की छात्र-छात्राओं को निःशुल्क बैग व ड्रेस वितरित किए गए। बीएससी गृह विज्ञान तृतीय वर्ष की गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा स्वाति गंगवार को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. ममता अग्रवाल ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। संचालन पवन कुमार व अनुमेल ने किया। इस मौके पर डॉ. पतंजलि, मनोज कुमार, राकेश कुमार, सीताराम, आलोक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

विजेताओं को पुरस्कृत करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर। ● अमृत विचार

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की पिटाई की गई। आरोप है कि ससुराल वालों ने शादी के वक्त दिया जेवर भी छीन लिया। गजरौला थाने में दी गई तहरीर में बिठौराकलां गांव निवासी रूबी ने बताया कि उसकी शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। दहेज में अलमारी, वाशिंग मशीन, टीवी, बाइक की मांग पूरी न होने पर मारपीट की जाती है, जबकि मायके वालों ने हैसियत के अनुसार दहेज किया था।

शादी में दिए गए जेवरात छीनकर पीड़िता को घर से निकाल दिया। गजरौला पुलिस ने मामले में पति अश्विनी कुमार, ससुर अशोक और सास संध्या देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

भारत रत्न की घोषणा पर जताई खुशी

पीलीभीत। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने की घोषणा के बाद तराई के जाट समुदाय ने खुशी जताई। तराई जाट मंच के जिलाध्यक्ष चौधरी अतुल मान की ओर से शुक्रवार को एक बैठक बुलाई गई। जिसमें पदाधिकारियों के अलावा जाट समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। सरकार की इस घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर हरिओम चौधरी,विनोद मलिक, पुष्पजीत सिंह आशीष सिंह मलिक, सुधीर चौधरी,अरविंद सिंह, भूपेंद्र सिंह, गोपेंद्र सिंह, हैपी सिंह,संदीप सिंह, सत्यवीर सिंह,पुष्पेंद्र चौधरी,पुष्पेंद्र गिल, गौरव चौधरी, पुष्पेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।

महारुद्रयज्ञ में डाली गई 2.59 लाख आहुतियां

पीलीभीत। कांवरथी सेवा दल की ओर से आयोजित महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महोत्सव को लेकर शुक्रवार को भी गौरीशंकर मंदिर में भक्त पहुंचे। यज्ञशाला में आचार्य गुरुप्रसाद सीमल, दिनेश प्रसाद बहुगुणा ने पूजन अर्चन कराया। फिर पूर्णाहुति के साथ महारुद्रयज्ञ का समापन हुआ। तीन फरवरी से चल रहे इस धार्मिक आयोजन में कुल 2 .59 लाख आहुतियां डाली गईं। गौरीशंकर बाबा का विशेष शृंगार पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजीव अग्रवाल की ओर से कराया गया। आज भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर राकेश नीरू अग्रवाल, मोनू, पारुल अग्रवाल, निधि अग्रवाल, शुचि, राजेश अग्रवाल, विदित, डॉ. वरुण कपूर, गुड्डू गोयल, श्याम गोयल, पदम् गर्ग आदि मौजूद रहे। प्रसाद का भी वितरण किया गया।

सार-संक्षेप

अविरल मिस्टर फेयरवेल और निलोफर चुनीं गई मिस फेयरवेल

पीलीभीत। स्प्रिंगडेल कॉलेज में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशिका सरोज जगोता, कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने कराई। 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को कार्ड देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्रा आन्या सक्सेना और अशिका मिश्रा ने किया। कक्षा 11 की छात्रा विशाखा राजपूत ने विदाई के अवसर पर भाषण दिया। छात्रा सुरभि और राशि ने डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद गेम्स कराए गए। फ्लैप द बलून एंड फॉम द पिरामिड गेम्स अविरल कुमार और निलोफर प्रथम स्थान पर रहे। म्यूजिकल चेयर गेम में निलोफर और लक्ष्य वर्मा प्रथम चुने गए। मिस्टर एंड मिस फेयरवल प्रथम इन्ट्रोडक्शन राउंड में हुआ। जिसमें छात्रा दिशा गंगवार, निलोफर, शिवांगी दुबे, कशिश वाला, गुरप्रीत कौर, अंशिका मिश्रा, वंशिका मिश्रा, यशी आदि ने प्रतिभाग किया। दूसरे राउंड में टैलेंट शो और तीसरे राउंड में सवाल पूछे गए। जिसके आधार पर मिस्टर फेयरवेल अविरल कुमार और मिस फेयरवेल निलोफर को चुना गया।

छात्राओं ने सीता वाटिका में किया पौधरोपण

पीलीभीत, अमृत विचार : डिवाइन कॉलेज में शुक्रवार को श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव को लेकर वेशभूषा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने श्रीराम भक्त के रूप में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूजन किया। छात्राओं ने मां सीता की भूमिका में वाटिका में पौधारोपण किया। हनुमान के किरदार ने संजीवनी पर्वत लाते हुए प्रदर्शन किया। इसी क्रम ने श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान के द्वारा अपने शत्रु के श्रेष्ठ गुणों का सम्मान करते हुए प्रदर्शित किया। जिससे देखकर सभी प्रसन्न हुए। प्रभु श्रीराम के उदघोष लगाए गए। इस मौके पर निदेशिका चारु धवन ने विचार व्यक्त कर पौधरोपण का महत्व भी बताया।

दो अधिवक्ताओं के बीच मारपीट

पूरनपुर। नगर के लाइनपार क्षेत्र में एक अधिवक्ता के साथ दूसरे अधिवक्ता ने मारपीट कर दी। विवाद की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा। पुलिस एक वकील को थाने ले आई। देर शाम तक मामले में सुलह की कोशिशें चलती रहीं। बताते हैं कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले भी एक पक्ष ने दूसरे के घर पहुंचकर हंगामा किया था। इसकी शिकायत भी की गई थी। अब इसी को लेकर दोबारा झगड़े की बात कही जा रही है।

चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

भानपुर, अमृत विचारः भीरा थाना क्षेत्र के मलूकापुर गांव में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर नगदी समेत हजारों की चोरी कर ली है।

भीरा थाना क्षेत्र के मलूकापुर निवासी जाबिर अली का भीरा पलिया हाइवे किनारे मकान है। बताते हैं कि जाबिर पूरे परिवार के साथ मजदूरी करने दिल्ली गए हैं। चोर उनके घर के अंदर रखा बक्सा, कपड़े आदि उठा ले गए। चूंकि मकान मालिक के न होने से चोरी सामान का सही अंदाजा नहीं लग पाया है। उसके बाद जाबिर के पड़ोस में निसार अली के मकान के दरवाजे के कुंडे को तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। जिसके बाद चोरों ने नन्हे राज के मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह घर का दरवाजा खुला देख वारदात की जानकारी हुई। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

स्टेडियम, प्रेक्षागृह और बरातघरों की है दरकार, विधायक निधि खर्च करने में निघासन विधायक शशांक वर्मा और श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी अभी पीछे

बड़े कार्यों की अनदेखी: सोलर और हाईमास्ट लाइट में निधि खपा रहे माननीय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ एमएलसी द्वारा जीआईसी ग्राउंड में सवा दो करोड़ की लागत से बनेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

विधायकों व एमएलसी से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों के अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं। ज्यादातर विधायकों ने अपनी संपूर्ण निधि का उपयोग करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध करा दिए हैं, जिनमें से कुछ प्रस्तावों पर कार्य चल रहा है। **-अनिल कुमार सिंह,** सीडीओ

अमृत विचारः जिले में खेल प्रतिभाओं के लिए स्टेडियम, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नगरों में प्रेक्षागृह और शादी-विवाह के लिए मैरिज लॉन की दरकार है, लेकिन पांच करोड़ की विधायक निधि में से अधिकांश धनराशि माननीय इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट, सेमी हाईमस्ट लाइट, स्कूल फर्नीचर आदि पर खर्च कर रहे हैं। इससे जरूरत के बाद भी बड़े जनुपयोगी विकास कार्यों को अमली जामा नहीं पहनाया जा पा रहा है।

विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए विधायकों को सांसद के बराबर पांच-पांच करोड़ की विधायक निधि दी जा रही है। निघासन के विधायक शशांक वर्मा व श्रीनगर की विधायक मंजू त्यागी अपनी निधि खर्च करने के मामले में अन्य छह विधायकों से पीछे चल रहे हैं। वहीं एमएलसी अपनी निधि को पूरा खर्च करने के प्रस्ताव दे चुके हैं, जिसमें उनके द्वारा जरूर बड़े प्रोजेक्ट के तहत सवा दो करोड़ की लागत से जीआईसी ग्राउंड में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके लिए भूमि पूजन कराया जा चुका है।

जिले में आठ विधायक और एक एमएलसी हैं, जो सभी सत्तारूढ़ दल भाजपा के हैं। वर्ष 2022-23 में विधायकों को तीन-तीन करोड़ विधायक निधि मिली थी, जिसे सभी के द्वारा खर्च किया जा चुका है। वर्ष 2023-24 में सरकार ने विधायक निधि को बढ़ाकर पांच करोड़ कर दिया था, जिससे सभी आठों विधायकों रोमी साहनी (पलिया), अमन गिरि (गोला), लोकेंद्र प्रताप सिंह (मोहम्मदी), सौरभ सिंह सोनू (कस्ता), विनोद शंकर अवस्थी (धौरहरा), शशांक वर्मा (निघासन), मंजू त्यागी (श्रीनगर) और योगेश वर्मा (लखीमपुर) को पांच-पांच करोड़ निधि मिली है। वहीं एमएलसी अनूप गुप्ता को भी पांच करोड़ निधि मिली है।

इनमें से निघासन विधायक शशांक वर्मा और श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी अपनी निधि खर्च करने सबसे पीछे हैं। निघासन विधायक की निधि में तीन करोड़ और श्रीनगर विधायक की निधि में करीब एक करोड़ रुपये व्यय होना शेष हैं। वहीं अन्य छह विधायकों ने अपनी निधि के अनुसार करीब पांच-पांच करोड़ के प्रस्ताव सीडीओ को उपलब्ध करा दिए हैं, जहां से विधायकों के प्रस्ताव के अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं। एमएलसी अनूप गुप्ता की निधि में करीब 50 लाख रुपये व्यय होना शेष हैं।

किसी विधायक के खाते में बड़ी उपलब्धि नहीं

आठों विधायकों द्वारा रूटीन के कार्य जैसे इंटरलॉकिंग सड़क, सोलर लाइट, सेमी हाईमास्ट लगवाने जैसे ही कार्य कराए गए हैं। इसके अलावा कोई बड़े उल्लेखनीय कार्य नहीं कराए गए हैं, जिससे क्षेत्र में उनका योगदान कहीं दिखाई पड़े। इससे नागरिकों को भी विधायकों द्वारा कराए गए कार्य क्षेत्र में कहीं नजर नहीं आते हैं। जबकि विधायकों की निधि सांसद के बराबर हो चुकी है, जिसमें सांसद को पांच विधानसभा क्षेत्रों में कार्य कराने होते हैं। जबकि विधायक को अपनी ही विधानसभा में कार्य कराने हैं।

श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने बताया कि निधि के अनुसार विभिन्न कार्य कराने के प्रस्ताव तैयार किए जा चुके हैं, अब तक चार करोड़ के कार्य कराए जा चुके हैं। शेष एक करोड़ के भी प्रस्ताव तैयार हैं, जिन्हें जल्द ही विकास भवन भेज दिया जाएगा। वित्त वर्ष समाप्त होने से पहले पूरी निधि का उपयोग कर लिया जाएगा।

निघासन विधायक शशांक वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की आवश्यकतानुसार कार्य कराए जा रहे हैं। निधि में कुछ धनराशि शेष है। अभी विधानसभा में हूं, जहां से लौटने के बाद वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व प्रस्ताव देकर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे।

विधायकों द्वारा दिए गए प्रस्तावों (कार्यों) की संख्या

विधानसभा क्षेत्र	प्रस्तावों की संख्या
पलिया	42
निघासन	17
गोला	48
श्रीनगर	66
धौरहरा	47
लखीमपुर	98
कस्ता	109
मोहम्मदी	211
एमएलसी	27

2500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के बाद धरातल पर उतरने लगीं इकाइयां

19 फरवरी को हो सकती है ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, की जा रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

जिला उद्योग केंद्र भवन। ● अमृत विचार

▸▸ इकाइयों में 30 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

अमृत विचार: पिछले साल हुए यूपी इन्वेस्टर्स समिट में 2500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए थे, जिसमें से 40 से ज्यादा इकाइयां धरातल पर उतरने लगी हैं। अप्रैल के बाद कुछ में उत्पादन शुरू होने की भी उम्मीद है। इनसे जिले में करीब 30 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकेगा। 19 फरवरी को होने वाली ग्राउंड सेरेमनी में इनके पेश होने की तैयारी चल रही है।

पिछले साल 25 जनवरी को जिले में उद्योग समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें 2500 करोड़ के 90 प्रोजेक्ट के एमओयू साइन किए गए थे। कई प्रोजेक्ट जमीन न मिलने के कारण धरातल पर नहीं उतर पाए। हालांकि शासन से दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष छह गुना अधिक एमओयू साइन किए गए थे। इसमें शासन ने पहले 200 फिर 300 करोड़ का लक्ष्य दिया था। बाद में इनकी संख्या और बढ़ती गई, जिससे 2500 करोड़ के प्रस्ताव मिल गए थे। इनमें 200 करोड़ से ज्यादा के तीन बड़े गन्ना उत्पादन पर आधारित प्रोजेक्ट हैं। पसगवां में स्थित डीसीएम ग्रुप की चीनी मिल का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।

बॉटलिंग प्लांट में मार्च से शुरू होगा उत्पादन

उपायुक्त संजय सिंह ने बताया कि जिन बड़े निवेशकों ने एमओयू साइन किए थे, उनमें ग्लोबस ग्रुप ने 200 करोड़ का एथेनॉल डिस्टीलरी एंड बॉटलिंग प्लांट लगाया है, जिसमें मार्च से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा गोला रोड पर करनपुर गांव में डेयरी प्रोजेक्ट और शहर के छाउछ एरिया में प्लाईवुड उत्पादन का काम भी इसी साल शुरू हो जाएगा। एमएसएमई के तहत करीब एक करोड़ के प्रोजेक्ट भी चालू होने की दिशा में अग्रसर हैं।

क्या है ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त संजय सिंह ने बताया कि एमओयू साइन होने वाले प्रोजेक्ट की स्थापना को लेकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा रही है। इसमें वह सभी उद्यमी शामिल होंगे, जो अपने प्रोजेक्ट स्थापित कर चुके हैं। 40 से ज्यादा प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। इनमें उत्पादन की तैयारी की जा रही है।

जिले में पिछले साल करीब ढाई हजार करोड़ के प्रस्ताव पर एमओयू साइन किए गए थे। 40-45 प्रोजेक्ट तैयार हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद उद्योगों की स्थापना में प्रगति आएगी। अप्रैल के बाद कई अन्य इकाइयां भी धरातल पर आ जाएंगी। **-संजय सिंह,** उपायुक्त- उद्योग।

नाली की ईंटें निकालने की अधिकारियों से शिकायत

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः कुम्भी ब्लाक की ग्राम पंचायत बगहा शहाबुद्दीनपुर में ग्राम प्रधान पर नाली की ईंट निकालने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने अधिकारियों से शिकायत की है।

गांव निवासी राजेश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों को भेजी शिकायत में बताया कि ग्राम प्रधान सुरभि वर्मा के पति अजीत कुमार वर्मा ने मकान के पास नाली की ईंटें निकलवा ली हैं। जिससे नाली का पानी सड़कों पर बहने लगा है। ऐसे में लोगों को निकलने में कठिनाई होती है। प्रधान पति द्वारा कहा गया था कि जल्द ही नई नाली बनवा दी जाएगी, लेकिन साढ़े तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नाली का निर्माण नहीं हो पाया है। जिसके चलते पानी का निकास अवरुद्ध हो जाने से पानी उनके मकान की नींव में जा रहा है, जिससे मकान को क्षति पहुंचने की संभावना है। प्रधान पति अजीत कुमार वर्मा ने बताया की मकान बनवाते समय शिकायतकर्ता द्वारा स्वयं ही नाली उखड़वाई गयी थी और उसी जगह पर उन्होंने दीवार उठवाकर मकान बनवा लिया, आरोप निराधार है ।

लकड़ी के नीचे दबकर साइकिल सवार की मौत

युवक की मौत के बाद जुटे लोग और जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

▸▸ दुधवा जंगल से जलौनी लकड़ी लेकर आ रहा था युवक

अमृत विचार: दुधवा जंगल से जलौनी लकड़ी लेकर आ रहे युवक की साइकिल अचानक लड़खड़ाकर पलट गई, जिससे वह लकड़ी के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

नगर के मोहल्ला भेडोरा निवासी राम जीवन कश्यप (35) शुक्रवार को दुधवा जंगल से जलोनी लकड़ी लेकर साइकिल से घर आ रहा था। खैरीगढ़ गांव के निकट उसकी साइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह साइकिल पर रखी लकड़ी के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों के पोस्टमार्टम कराने से इंकार करने पर पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसएसआई हीरालाल रावत ने बताया कि परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है।

गोला में नौ करोड़ से बनेंगी गन्ना विभाग की दो सड़कें

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः गोला क्षेत्र में गन्ना विभाग की जर्जर पड़ी दो सड़कों का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। शासन ने दोनों सड़कों के निर्माण के लिए बजट आवंटित कर दिया है, जिसके बाद कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तीन ने टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। दोनों सड़कों के निर्माण पर करीब नौ करोड़ लागत आएगी। गोला चीनी मिल को जाने वाले गोला-कुकरा टाउन के अवशेष मार्ग पर जर्जर हो चुकी करीब 600 मीटर सड़क को सात मीटर चौड़ा किया जाएगा। सड़क पर पानी भरने की समस्या को देखते हुए इस बार दोनों ओर नाली भी बनाई जाएगी। इस कार्य पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा 6.500 किलोमीटर लंबे गोला कुकरा टाउन मार्ग का नवीनीकरण किया जाएगा। इसकी चौड़ाई 3.75 मीटर ही रहेगी। इस कार्य पर करीब 4.50 करोड़ रुपये लागत आएगी। कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तीन द्वारा इन दोनों मार्गों पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

जमीन की रंजिश में हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग ने तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ पुलिस ने दर्ज मामले में बढ़ाई हत्या की धारा

रिपोर्ट पहले से दर्ज है। धारा तरमीम कर ली गई है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। घटना के पीछे जमीनी रंजिश बताई जा रही है। **-सुबोध जायसवाल,** सीओ सिटी

अमृत विचार: शारदा नगर थाना क्षेत्र में जमीनी रंजिश को लेकर छह दिन पूर्व हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दर्ज जानलेवा हमले के मामले में हत्या की धारा बढ़ाई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है।

शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव छंगा गौढ़ी निवासी हेतराम (70) का परिवार के ही हरिनंदन से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर आए दिन दोनों गुटों के बीच झगड़ा होता रहता था। आरोप है कि तीन फरवरी की रात हरिनंदन ने अपने पूरे परिवार के साथ हेतराम पर हमला कर दिया। उसके बेटे ने हेतराम के सिर पर कोई वजनदार चीज मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। परिवार के लोग हेतराम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज शुरू हुआ। हेतराम के बेटे ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरिनंदन, सरोजनी, उमेश, अभय, हर्षित व पूर्वी निवासी छंगा के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। उधर जिला अस्पताल में गुरुवार की शाम इलाज के दौरान हेतराम की मौत हो गई।

परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ा ली है। साथ ही तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

घर में सोता रहा परिवार, ताला तोड़कर चोर ले गए नगदी-जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ तीन अन्य घरों से भी उड़ाया माल, पीड़ित ने बेटे के साले पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: कस्बा व थाना खीरी के मोहल्ला हनिया टोला के एक मकान में घुसे चोर बक्सा आदि का ताला तोड़कर 45 हजार रुपए और करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। खटपट की आवाज पर जागी मकान मालिक की पुत्री ने एक आरोपी को पहचान लिया। पुलिस ने मकान मालिक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

मोहल्ला हनिया टोला निवासी गुड्डू गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब तीन बजे चार लोग घर में घुस आए और बक्सों आदि का ताला तोड़ दिया। इसी बीच खटपट की आवाज होने पर पुत्री शीतल की आंख खुल गई। शीतल के शोर मचाने पर आरोपी बक्से में रखे 45 हजार रुपए, सोने का हार, लर, अंगूठी झुमकी, झाला, कुंडल, पायल आदि लेकर भाग निकले। उन्होंने बताया पुत्री ने एक आरोपी की पहचान कोतवाली सदर के मोहल्ला रामनगर निवासी दीपक गुप्ता के रूप में की है। आरोपी उनके पुत्र नितिन का साला है। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने मोहल्ले के सुरेश कुमार, लल्लू और सीमा पत्नी नीरज के घर भी इसी रात को चोरी की है। एसओ खीरी अजीत कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

खर-फूस लेने को सशर्त अनुमति

संवाददाता, पलियाकलां

थारुओं के साथ समन्वय बैठक में मौजूद एसडीएम कार्तिकेय सिंह व अन्य अधिकारी।

▸▸ वन अधिनियम का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार: थारू बाहुल्य गांवों के महिला-पुरुषों ने जलौनी लकड़ी और घर बनाने के लिए फूस एकत्र किए जाने को लेकर जबरन जंगल में घुसने की चेतावनी दी थी। इसके बाद अनेक थारूओं ने जंगल में घुसकर खर-फूस लेने की भी कोशिश की थी। इसको लेकर शुक्रवार को तहसील के अधिकारियों ने तहसील सभागार में थारुओं के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में थारुओं द्वारा जंगल से जलौनी लकड़ी और खर-फूस लेने पर सशर्त अनुमति दे दी।

एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुई समन्वय बैठक में वन संपदा की सुरक्षा और जनजातियों की मान्यताओं व आवश्यकताओं आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कहा गया कि थारू लोग जंगल की रक्षा करते हैं और वन पर आश्रित हैं। एसडीएम ने कहा कि वन संपदा को नुकसान पहुंचाए बगैर वह जंगल से जलौनी लकड़ी और घास फूस ले सकते हैं।

यदि नुकसान पहुंचाया या वन अधिनियम का उल्लंघन मिला तो संबंधित पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थारुओं की ओर से ग्राम पंचायतों के प्रधान, थारू ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्य और बिरादरी के महिला-पुरुषों के साथ तहसीलदार पलिया आरती यादव, उप प्रभागीय वन अधिकारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरीफंटा, वनकटी, उत्तर सोनारीपुर, दक्षिण सोनारीपुर, दुधवा, गौरीफंटा रेंज आदि अफसर मौजूद रहे।

कर्ज से परेशान युवक ने फंदे से लटक कर दी जान, मचा कोहराम

युवक की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाना खमरिया क्षेत्र के गांव में बॉयलर मुर्गे का व्यापार करने वाले युवक कर्ज से परेशान होकर गन्ने के खेत में आम के पेड़ से फंदा लगा लटक गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

खमरिया थाना क्षेत्र के ईसवारापुरवा मजरा बेहटा निवासी अमित कुमार(25)पुत्र रामदुलारे ने शुक्रवार को कर्ज से परेशान होकर रसूलपुर गांव के पास एक गन्ने के खेत में आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि अमित बॉयलर मुर्गों को खरीदकर उनकी बिक्री करता था। लगातार हो रहे घाटे की वजह से उस पर कर्ज का बोझ बढ़ता चला गया और लोगों द्वारा उधार चुकता करने के दबाव के चलते उसने फांसी लगा ली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने खमरिया पुलिस को सूचना दी। एएसपी नैपाल सिंह ने बताया की परिजन कर्ज को लेकर आत्महत्या की बात कह रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

हल्द्वानी की घटना को लेकर अलर्ट धर्म स्थलों पर मुस्तैद रही पुलिस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ लखीमपुर खीरी

मोहम्मदी रोड मस्जिद पर खड़े एसडीएम रत्नाकर मिश्र और पुलिस बल।

▸▸ एसडीएम-सीओ ने भी नगरों में लिया जायजा

▸▸ मस्जिदों और मंदिरों पर रही कड़ी नजर

अमृत विचार: हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई घटना को लेकर जिले भर में अलर्ट रहा। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी जुमे की नमाज के दौरान सक्रिय रहे। उधर, छोटी काशी में भी स्थानीय प्रशासन अलर्ट रहा। जुमे की नमाज के दौरान एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ शहर की मस्जिदों और मंदिरों का जायजा लेकर शांति व्यवस्था परखी।

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई पत्थरबाजी और आगजनी की घटना को देखते हुए शहर के अलावा छोटी काशी के नाम से विख्यात नगर गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां, निघासन, धौरहरा, ईसानगर, मितौली, मोहम्मदी, मैलानी और मैगलगंज में शुक्रवार होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी जुमे की नमाज पर पैनी नजर बनाए रहे। एसडीएम रत्नाकर मिश्र ने कोतवाल इंद्रजीत सिंह समेत पुलिस फोर्स के साथ मोहम्मदी रोड की जामा मस्जिद समेत मोहल्ले में बनी मस्जिदों का जायजा लिया और मंदिरों के पास पहुंच सुरक्षा व्यवस्था देखी। एसडीएम ने लोगों से नगर में गंगा जमुनी तहजीव को कायम रखने की भी अपील की है।

फर्जी बिल पर ले जाई जा रही थी 130 बोरी भांग, पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ रायबरेली से लाई जा रही थी भांग दो आरोपी मौके से भाग निकले

अमृत विचार: कोतवाली सदर की रामापुर चौकी पुलिस ने पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर एक डीसीएम से ले जाई जा रही 130 बोरी भांग बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान भेजा है।

रामपुर चौकी इंचार्ज दिनेश पांडेय ने बताया की वह गुरुवार की रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर नकहा की तरफ से आ रही डीसीएम को रमही पुल के पास रोक लिया। तलाशी में डीसीएम के अंदर से भांग मिली। डीसीएम में बैठे लोगों को पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की। लेकिन दो लोग पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। जबकि एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी पहचान टिंकू श्रीवास्तव निवासी चितौहला थाना महौली जिला सीतापुर के रूप में हुई। पुलिस ने भांग की बोरियों की गिनती कराई तो 130 बोरी मिलीं। तौल करने पर भांग 5200 किग्रा हुई। पकड़े गए युवक ने पुलिस को भांग के पेपर भी दिखाए। उसका कहना था कि भांग वैध है, लेकिन जांच में पेपर फर्जी पाए गए। आरोपी के अनुसार भांग रायबरेली ले जाई जा रही थी। वहीं फरार आरोपी पिता-पुत्र बताये जा रहे हैं। उनकी पहचान कफील और मुन्ना के रूप में हुई है। दोनों अशोकपुर थाना खीरी के रहने वाले हैं। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

केशवापुर, अमृत विचार : शुक्रवार सुबह 10 बजे सराहा पेट्रोल पंप खम्हौल के सामने बाइक और कार में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार तीन युवक गम्भीर घायल हो गये।

घटना के बाद कार चालक मय वाहन मौके से भाग निकला। राहगीरों की मदद से घायल युवकों रविन्द्र कुमार (28) पुत्र मूलचंद, अजय कुमार (29) पुत्र ब्रह्मादीन, सोनू (27) पुत्र लखपति निवासी अमकोटवा को गोला सीएचसी में भर्ती कराया गया।

SBFC
एस.बी.एफ.सी. फाइनेंस लिमिटेड
पता : यूनिट नं. 103, प्रथम तल सी एंड बी स्क्वॉयर, संगम कॉम्पलेक्स, 127, अंधेरी कुरला रोड, ग्राम चकला, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई 400059
टेलीफोन : +91 22 67875300
फैक्स : +91 22 67875334, www.sbfc.com
CIN NO. : U67190MH2008PTC178270
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को बरेली शाखा स्थानान्तरित करने की सूचना अखबार में दी थी जो गलत थी सही दिनांक 19.03.2024 है। इस असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं।
नोट : अन्य जानकारी यथावत रहेगी।
हमारी नई शाखा का पता :
एस.बी.एफ.सी. फाइनेंस लिमिटेड
ए-24, ग्राउंड फ्लोर,दीन दयाल पुरम,बरेली-243001 (यू.पी.)
सम्पर्क सूत्र-9136950325

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत रुकावट बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा.शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

